# कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।

क्रमांक/अविप्रा/प–6/भण्डार/2019/ 730 दिनांक:– 27/08/2019

## आदेश

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर द्वारा गठित समिति द्वारा प्राधिकरण के अधीनस्थ कम्यूनिटी हॉल व व जवाहर रंगमंच, खेल मैदान चन्द्रवरदाई नगर की दरों में संशोधन किया गया हैं एवं संचालन अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर द्वारा ही किया जाना है, जिसका विवरण निम्नानुसार हैं यह दरें दिनांक 01.09.2019 से लागू मानी जावें :–

| S. no. | Community Hall Name | Rent (Rs.) | GST 18% | | Amount. | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | CGST 9% | SGST 9% | Security | Total |
| 1 | HBU Main Community Hall | 40000 | 3600.00 | 3600.00 | 10000 | 57200 |
| | II day Rent 15% off | 34000 | 3060.00 | 3060.00 | 15000 | 55120 |
| | III day Rent 30% off | 28000 | 2520.00 | 2520.00 | 20000 | 53040 |
| 2 | HBU Extention Community Hall | 20000 | 1800 | 1800 | 10000 | 33600 |
| | II day Rent 15% off | 17000 | 1530 | 1530 | 15000 | 35060 |
| | III day Rent 30% off | 14000 | 1260 | 1260 | 20000 | 36520 |
| 3 | CBN C-Block Community Hall | 20000 | 1800.00 | 1800.00 | 10000 | 33600 |
| | II day Rent 15% off | 17000 | 1530.00 | 1530.00 | 15000 | 35060 |
| | III day Rent 30% off | 14000 | 1260.00 | 1260.00 | 20000 | 36520 |
| 4 | CBN A-Block Community Hall | 15000 | 1350 | 1350 | 10000 | 27700 |
| | II day Rent 15% off | 12750 | 1147.50 | 1147.50 | 15000 | 30045 |
| | III day Rent 30% off | 10500 | 945 | 945 | 20000 | 32390 |
| 5 | Vishram Bhawan Community Hall | 35000 | 3150 | 3150 | 10000 | 51300 |
| | II day Rent 15% off | 29750 | 2678 | 2678 | 15000 | 50106 |
| | III day Rent 30% off | 24500 | 2205 | 2205 | 20000 | 48910 |
| 6 | Chatri Yojana Community Hall | 20000 | 1800 | 1800 | 10000 | 33600 |
| | II day Rent 15% off | 17000 | 1530 | 1530 | 15000 | 35060 |
| | III day Rent 30% off | 14000 | 1260 | 1260 | 20000 | 36520 |
| 7 | J.P. Nagar Madar Community Hall | 15000 | 1350 | 1350 | 10000 | 27700 |
| | II day Rent 15% off | 12750 | 1148 | 1148 | 15000 | 30046 |
| | III day Rent 30% off | 10500 | 945 | 945 | 20000 | 32390 |
| 8 | Jawahar Rangmanch Meeting Hall | 5000 | 450 | 450 | 5000 | 10900 |
| 9 | Jawahar Rangmanch Community Hall | 22000 | 1980 | 1980 | 10000 | 35960 |
| | II day Rent 15% off | 18700 | 1683 | 1683 | 15000 | 37066 |
| | III day Rent 30% off | 15400 | 1386 | 1386 | 20000 | 38172 |
| 10 | CBN. Cricket Ground | 5000 | 450 | 450 | 0 | 5900 |

| | |
|---|---|
| Cancellation on booking day | 100% Amt. of rent + 100% Security Amount. Will be Refunded. |
| Cancellation between 01 or 02 days from booking | 75 % Amt. of rent + 100% Security Amount. Will be Refunded. |
| Cancellation between 03 or 10 days from booking | 50 % Amt. of rent + 100% Security Amount. Will be Refunded. |
| Cancellation between 11 or 60 days & Above from booking | 25 % Amt. of rent + 100% Security Amount. Will be Refunded. |

नियम एवं शर्तो :–

1. संचालन का कार्य प्राधिकरण द्वारा किया जायेगा।
2. किराया राशि में ही सफाई बिजली पानी व्यय शामिल हैं।
3. जवाहर रंगमंच की एक दिन में एक बुकिंग की जावें एवं टाईम स्लोट 6 ऑवर होगा प्रातः 8 से 2 एवं दोपहर में 12 से 6 एवं 4 से 10 बजे तक रहेगा।

Scanned by CamScanner

4. जिला प्रशासन को जवाहर रंगमंच उनके द्वारा समय समय पर कि गई मांग के अनुसार निःशुल्क दिया जायेगा, राजकीय आयोजन / चुनावी सम्बधित एवं अन्य राजकीय कार्य हों / आवश्यकता पड़ने पर अन्य बुकिंग को निरस्त किये जाने का अधिकार प्राधिकरण, आयुक्त को होगा।
5. सामुदायिक भवन एव जवाहर रंगमंच जिस स्थिति में दिया जायेगा उसी स्थिति में वापस लिया जायेगा, यदि कोई भी टूट फूट पाई जाती है तो अमानत राशि में से कटौती की जावेगी।
6. सामुदायिक भवन क्रिकेट ग्राउण्ड एवं जवाहर रंगमंच सभी की बुकिंग वेबपोर्टल udhonline.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन की जा सकेगी कोई भी बुकिंग मैन्यूअली नही की जावेगी।
7. बुकिंग करने एवं निरस्तीकरण की कार्यवाही भी ऑनलाईन की जावेगी। मैन्यूअल बुकिंग / निरस्तीकरण हेतु किसी भी आवेदन पर विचार नही किया जावेगा।
8. ऑनलाईन राशि जमा करवाए जाने पर सर्वर / नेटवर्क प्रोब्लम या किसी तकनीकी कारणों से राशि प्राधिकरण कोष में प्राप्त नहीं होती है तो इसके लिए प्राधिकरण की जिम्मेदारी नही होगी।
9. भवन व परिसर में किसी भी प्रकार के गैर कानूनी कार्यो की अनुमति नही दी जायेगी ऐसा पाये जाने पर सम्बंधित के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जायेगी।
10. सामुदायिक भवन में खाना बनाने हेतु निर्धारित जगह है अतः उसी जगह पर भोजन बनाया जावे ताकि भवन की सुन्दरता व रखरखाव पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नही पड़ें।
11. सामुदायिक भवन में सुरक्षा व्यवस्था बुकिंगकर्ता की होगी, यदि दुर्घटना होती है तो समस्त जिम्मेदारी स्वयं की होगी।
12. भवन में विद्युत के स्वीकृत लोड से अधिक नही लिया जावेगा, अधिक लोड का उपयोग करने पर होने वाले समस्त नुकसान कि जिम्मेदारी बुकिंगकर्ता की होगी।
13. समस्त एवं राजकीय कार्यक्रम एवं प्राधिकरण के समस्त कर्मचारीगणों द्वारा किये गये कार्यक्रम पर सामुदायिक भवन परिसर निःशुल्क उपलब्ध कराया जावेगा।
14. भवन एवं परिसर में आरकेस्ट्रा एवं माईक के उपयोग पर जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देश लागू माने जाएगे।
15. जवाहर रंगमंच के हॉल के अन्दर खाने पीने का सामान एवं पीने का पानी ले जाना सर्वथा निषेध है। पीने का पानी एवं पैक्ड खाद्य पदार्थ हॉल के निर्धारित कैटरिंग काउण्टर पर उपलब्ध होगा, जिसका उपयोग केवल हॉल के बाहर ही किया जा सकेगा। कैटरिंग काउण्टर पर किसी प्रकार की खाद्य सामग्री बनाने एवं पकाने में मनाही है।
16. जवाहर रंगमंच का उपयोग किसी भी शादी, पाटी, जन्मदिन, रिसेप्शन एवं अन्य किसी प्रकार के पारिवारिक कार्यक्रमो के लिए नही किया जायेगा।
17. जवाहर रंगमंच में किसी प्रकार का ज्वलनशील पदार्थ आतिशबाजी आदि लाना अथवा उसका उपयोग करना वर्जित है, साथ ही धूमपान, मदिरा सेवन व किसी भी नशीली वस्तु का सेवन निषेध हैं।
18. किसी भी अप्रत्याशित एवं आकस्मिक दुर्घटना के लिए प्राधिकरण जिम्मेदार नही होगा।
19. किसी प्रकार के मतभेद एवं विवाद की दशा में प्राधिकरण क्षेत्र अजमेर होगा।
20. सामुदायिक भवन में घरेलू गैस सिलेण्डर का उपयोग निषेध होगा।

अतः उक्त दरें दिनांक 01.09.2019 से यू.डी.एच. पोर्टल पर ऑनलाईन बुकिंग कि जानी हैं।

Sd/-
(इन्द्रजीत सिंह)
सचिव,
अजमेर विकास प्राधिकरण,
अजमेर।

क्रमांक / अविप्रा / प- 6 / भण्डार / 2019 / 8720-29 दिनांक: 27/08/2019

प्रतिलिपि :-

1. निजी सहायक, अध्यक्ष अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
2. वरिष्ठ निजी सचिव, आयुक्त अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
3. निजी सहायक, सचिव अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
4. उपायुक्त दक्षिण, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
4. निदेशक अभियान्त्रिकी, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
5. अति0 मुख्य अभियन्ता, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
6. प्रभारी अधिकारी कम्प्यूटर / भण्डार अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
7. अधिशाषी अभियन्ता उत्तर / दक्षिण को भेजकर लेख है कि सम्बंधित सामुदायिक भवनों के रख रखाव एवं संचालन प्राधिकरण स्तर पर करने हेतु भवनो के कब्जे, समिति से प्राप्त कर अग्रिम कार्यवाही करें।
8. ई-कनेक्ट सोल्यूशन प्रा. लि. उदयपुर को भेजकर लेख है कि उक्त संशोधित दरों को यू.डी.एच. पोर्टल पर अपडेट करें।

(इन्द्रजीत सिंह)
सचिव,
अजमेर विकास प्राधिकरण
अजमेर।

Scanned by CamScanner